होटल-रेस्तरां पर कोविड अंकुश हटाएं राज्य

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** होटल-रेस्तरां उद्योग के राष्ट्रीय संगठन ने राज्य सरकारों से होटल-रेस्तरांओं पर कोविड-19 अंकुशों को पूरी तरह हटाने की मांग की है. संगठन ने कहा कि केंद्र ने भी राज्यों से कोविड संबंधित अतिरिक्त अंकुशों हटाने को कहा है. केंद्र सरकार ने बुधवार को राज्यों से कोरोना वायरस के नए मामलों पर समीक्षा करने के बाद महामारी संबंधी प्रतिबंधों को घटाने या हटाने के लिए कहा है. फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्तरां एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त मानद सचिव प्रदीप शेट्टी ने कहा कि केंद्र सरकार का निर्णय उद्योग के लिए एक बड़ी राहत है. हम भी राज्यों से कोरोना संबंधी सभी प्रतिबंधों को हटाने का आग्रह करते हैं.